# जर्जर भवनों को खाली कराएं, नालों से अतिक्रमण तत्काल हटाएं : निगमायुक्त



**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 20 जून।** नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने शहर में चिन्हित जर्जर भवनों को खाली कराने और नालों पर किए गए अतिक्रमण को तत्काल हटाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जर्जर भवनों की सूची का पुन: सर्वे कर अद्यतन रिकॉर्ड तैयार किया जाए तथा भवन खाली नहीं करने वालों को नोटिस जारी किए जाएं।

बाल भवन स्थित टीएलसी कक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में अपर आयुक्त श्री टी. प्रतीक राव, भवन अधिकारी श्री राकेश कश्यप, श्री पवन शर्मा , श्री राजीव सोनी, श्री यशवंत मैकले, श्री राजू गोयल सहित सभी क्षेत्राधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में निगमायुक्त ने सभी क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया कि समान नागरिक संहिता के संबंध में आम नागरिकों से अधिक से अधिक फीडबैक प्राप्त किया जाए।

समीक्षा के दौरान भवन अनुज्ञा की फाइलें 170 दिनों से अधिक समय तक लंबित पाए जाने पर क्षेत्राधिकारी श्री अभिषेक प्रसाद को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। वहीं नालों पर हुए अतिक्रमण की जानकारी स्पष्ट रूप से नहीं दे पाने पर क्षेत्राधिकारी श्री राजेश भदौरिया को भी नोटिस जारी करने के आदेश दिए गए। अपर आयुक्त टी. प्रतीक राव ने नालों पर बने रैंप, पटाव और अन्य अवैध निर्माणों को अभियान चलाकर हटाने तथा नालों की सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां-जहां नालों पर अतिक्रमण हुआ है, वहां तत्काल कार्रवाई की जाए।

बैठक में जर्जर भवनों की जोनवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों से उनके क्षेत्रों में चिन्हित भवनों की सूची और अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी ली गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि 151 चिन्हित जर्जर भवनों के अलावा पुन: सर्वे कर नई सूची तैयार की जाए तथा भवन खाली नहीं करने वालों के विरुद्ध नोटिस जारी किए जाएं।

अवैध कॉलोनियों की समीक्षा के दौरान निगमायुक्त ने चिन्हित 32 अवैध कॉलोनियों के खिलाफ शीघ्र एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। बैठक में सभी क्षेत्रीय कार्यालयों की छतों पर की जा रही व्हाइट टॉपिंग (कूल रूफ) की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों से पूछा गया कि व्हाइट टॉपिंग के बाद तापमान में कितनी कमी आई है। इसके अलावा सभी शासकीय कार्यालयों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। निगमायुक्त ने कहा कि जल्द ही शहर में स्टार रेटिंग मूल्यांकन के लिए टीम आने वाली है, इसलिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं और लंबित कार्य समय रहते पूर्ण कर लिए जाएं।

## फूलचट्टी में महिला को बचाने के दौरान ग्वालियर का युवक बहा

**ग्वालियर 20 जून.** ऋषिकेश में फूलचट्टी में महिला को बचाने के दौरान ग्वालियर का युवक बह गया। लक्ष्मणझूला थाना क्षेत्र के अंतर्गत फूलचट्टी के पास नदी में ग्वालियर निवासी 30 वर्षीय शैलेन्द्र गुर्जर अपने परिवार के साथ ऋषिकेश घूमने आए थे।

परिवार के सदस्य फूलचट्टी क्षेत्र के पास गंगा नदी में 15 जून को स्नान करने गए, जबकि यह स्थान प्रशासन द्वारा सुरक्षा कारणों से प्रतिबंधित घोषित किया गया था। स्नान के दौरान परिवार की 33 वर्षीय सदस्य रेनू गुर्जर, जो ग्वालियर की ही निवासी हैं, नदी के तेज बहाव में बहने लगीं। उन्हें बचाने के लिए शैलेन्द्र गुर्जर नदी में कूद गए। रेनू गुर्जर को तो सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, लेकिन शैलेन्द्र नदी के तेज बहाव और गहराई में फंसकर लापता हो गए। रेनू गुर्जर को इलाज के लिए एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

# सागरताल पर चला विशेष स्वच्छता अभियान

▸ निकला सैकड़ों किलो कचरा



**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 20 जून।** शहर के प्रमुख जलाशयों को स्वच्छ और संरक्षित रखने के उद्देश्य से शनिवार को सागरताल पर व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। लगभग चार घंटे तक चले इस अभियान में नगर निगम के अमले और स्थानीय नागरिकों ने मिलकर सागरताल एवं उसके आसपास के क्षेत्र की सफाई कर सैकड़ों किलो सूखा और हानिकारक कचरा एकत्रित किया।

सागरताल के आसपास स्थित मैरिज गार्डनों से निकलने वाले अपशिष्ट और जलाशय में विसर्जित की जाने वाली सामग्री के कारण क्षेत्र में बड़ी मात्रा में गंदगी जमा हो गई थी। अभियान के दौरान तालाब के किनारों, सीढ़ियों और आसपास के खुले क्षेत्रों में फैले कचरे को हटाया गया। एकत्रित कचरे को वैज्ञानिक निस्तारण के लिए केदारपुर स्थित कचरा प्रसंस्करण केंद्र भेजा गया।

स्वच्छता अभियान के तहत सागरताल के किनारे जमी गाद को भी हटाया गया तथा पूरे परिसर में झाड़ू लगाकर सफाई की गई। नगर निगम अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की कि जलाशयों में पूजा सामग्री, प्लास्टिक और अन्य अपशिष्ट पदार्थों का विसर्जन न करें तथा शहर की प्राकृतिक धरोहरों को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें।

नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शहर के प्रमुख तालाबों, जल स्रोतों और सार्वजनिक स्थलों पर नियमित रूप से ऐसे अभियान चलाए जाएंगे, ताकि स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण अनुकूल ग्वालियर के निर्माण के लक्ष्य को गति मिल सके।

# अपर आयुक्त ने ली मदाखलत अमले की बैठक



**ग्वालियर, 20 जून।** अपर आयुक्त प्रदीप सिंह तोमर ने शनिवार को मदाखलत कार्यालय का निरीक्षण किया तथा मदाखलत अमले की बैठक ली एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

अपर आयुक्त श्री प्रदीप सिंह तोमर ने मदाखलत कार्यालय में पहुंचकर सभी कर्मचारियों की परेड कराई तथा रोज नामचे का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से जानकारी ली कि कौन से कर्मचारी किस कार्य के लिए लगाए गए हैं। इसके साथ ही मदाखलत अमले द्वारा प्रतिदिन की जा रही कारवाही की जानकारी ली। अपर आयुक्त श्री प्रदीप सिंह तोमर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि तीनों विधानसभा क्षेत्र में प्रत्येक

▸ अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

अमला रोज कार्रवाई करे और प्रतिदिन की कार्रवाई की रिपोर्ट ग्रुप पर डाले। इसके साथ ही मवेशी गैंग भी प्रतिदिन की कार्रवाई ग्रुप पर डाले। उन्होंने ट्रैफिक अमले में कार्य करने वाले कर्मचारियों की जानकारी ली और निर्देश दिए कि ट्रैफिक अमले की कार्रवाई और तेज हो और रेवेन्यू बढ़े इसके लिए संबंधित अधिकारी रोज मॉनिटरिंग करें। इसके साथ ही अन्य बिंदुओं पर जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के द्वारा नोडल अधिकारी मदाखलत केशव चौहान, मदाखलत अधिकारी शैलेंद्र सिंह चौहान, सतेंद्र भदोरिया, मदाखलत निरीक्षक आजाद खान, श्रीकांत सेन, सुघर सिंह सहित अन्य सभी विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संदीप नारायण अग्रवाल ने व्यापारियों से संपर्क किया

**ग्वालियर 20 जून.** क्रियेटिव हाउस के उपाध्यक्ष पद प्रत्याशी संदीप नारायण अग्रवाल और कोषाध्यक्ष पद प्रत्याशी अजय गोयल ने आज लोहिया बाजार आदि क्षेत्रों में संपर्क किया और व्यापारियों से जन समर्थन मांगा।

संदीप नारायण अग्रवाल ने कहा कि वह व्यापारियों की अपेक्षा पर हमेशा खरे उभरे है, और इस बार में व्यापार जगत की सेवा के लिये वह उपाध्यक्ष पद पर चुनाव लड रहे है।

चेम्बर चुनाव अब धीरे-धीरे अपने पूरी रंगत पर आते जा रहे हैं। बैठकों का सिलसिला भी तेज हो गया है। प्रत्याशी बाजारों में व्यापारियों के पास पहुंचकर समर्थन जुटाने में व्यस्त हैं।

# माधौगंज अग्निकांड : दोषियों की जवाबदेही और तत्काल राहत की मांग

▸ कांग्रेस नेताओं ने की प्रभावित व्यापारियों से मुलाकात



**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 20 जून।** माधौगंज क्षेत्र में कपड़े की दुकान में लगी भीषण आग की घटना अत्यंत दुखद एवं चिंताजनक है। घटना की सूचना मिलते ही शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र यादव कांग्रेसजनों के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और आग से प्रभावित व्यापारियों, स्थानीय नागरिकों तथा प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा कर स्थिति का जायजा लिया।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने प्रभावित व्यापारी परिवारों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस कठिन समय में कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूती के साथ उनके साथ खड़ी है।

आगजनी की इस घटना से व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है, जिसकी भरपाई केवल संवेदना व्यक्त करने से नहीं होगी, बल्कि शासन और प्रशासन को तत्काल राहत एवं मुआवजा उपलब्ध कराना चाहिए। जब शहर के व्यापारी अपने खून-पसीने की कमाई से व्यापार खड़ा करते हैं और एक ही घटना में सब कुछ राख हो जाता है, तब सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है कि वे तत्काल राहत पहुंचाएं। आज प्रदेश और शहर का व्यापारी वर्ग बढ़ती असुरक्षा, अव्यवस्थाओं और आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है। सरकार को केवल दावे और विज्ञापन करने के बजाय जमीन पर राहत और सुरक्षा की ठोस व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए।

आग लगने के कारणों की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जाए। कांग्रेस नेताओं ने प्रभावित व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि उनके नुकसान की भरपाई और न्याय दिलाने के लिए पार्टी हर स्तर पर उनके साथ खड़ी रहेगी।

## रोज 300 रुपए कमाने का झांसा देकर 1.97 लाख की ठगी

ग्वालियर। घर बैठे कमाई के लालच में एक युवक ने अपनी मेहनत से जोड़े 1.97 लाख रुपए गंवा दिए। युवक को टेलीग्राम एप पर ग्रुप से जोड़ा गया था। यहां उसे टास्क लेकर पूरे करने थे। टास्क होटलों को रेटिंग देने से संबंधित थे। इन टास्क को खरीदना पड़ता था, जिसके बदले में मुनाफे के साथ रकम अकाउंट में वापस आने का दावा किया जाता था। युवक ने जुलाई 2025 से अगस्त 2025 के बीच कई टास्क पूरे किए। जब उसने अपनी रकम निकालने की कोशिश की, तो उससे 88 हजार रुपए और जमा करने के लिए कहा गया। इस पर उसे एहसास हुआ कि वह ठगों के जाल में फंस गया है। युवक ने अपने रुपए वापस मांगे, लेकिन ठगों ने पैसे लौटाने से इनकार कर दिया।

# चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर लगा प्रश्नचिन्ह : सेवादल

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 20 जून।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस सेवादल ग्वालियर द्वारा आज 21 जून को शाम 4 बजे संवैधानिक निष्पक्षता खो चुकी चुनावी व्यवस्था के विरोध में सेवादल के जिला अध्यक्ष हरेन्द्र गुर्जर के नेतृत्व में चुनाव आयोग की प्रतीकात्मक शवयात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मप्र कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव तथा शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र यादव उपस्थित रहेंगे। चुनाव आयोग की प्रतीकात्मक शवयात्रा राम मंदिर चौराहे से प्रारंभ होकर दौलतगंज होते हुए महाराज बाड़ा तक निकाली जाएगी। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता लोकतंत्र की रक्षा, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव की मांग तथा चुनाव आयोग की कथित पक्षपातपूर्ण कार्यप्रणाली के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराएंगे।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सेवादल के जिला अध्यक्ष हरेन्द्र गुर्जर ने कहा कि देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर

▸ कांग्रेस सेवादल आज निकालेगा प्रतीकात्मक शवयात्रा

करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। चुनाव आयोग, जो संविधान के अनुसार निष्पक्ष एवं स्वतंत्र संस्था होना चाहिए, आज भाजपा सरकार के इशारों पर कार्य करता हुआ दिखाई दे रहा है। विपक्ष की शिकायतों और लोकतंत्र विरोधी गतिविधियों पर आयोग की चुप्पी उसकी निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े करती है। भाजपा लोकतंत्र की मूल भावना को आघात पहुंचा कर संवैधानिक संस्थाओं का राजनीतिक दुरुपयोग कर रही है। चुनाव आयोग की निष्क्रियता और पक्षपातपूर्ण रवैये ने जनता के विश्वास को गहरा आघात पहुंचाया है।

इसी जनभावना को व्यक्त करने के लिए कांग्रेस सेवादल यह प्रतीकात्मक शव यात्रा निकालकर लोकतंत्र की हत्या के खिलाफ आवाज बुलंद करेगा। शहर जिला कांग्रेस सेवादल ने सभी कांग्रेसजनों, सेवादल कार्यकर्ताओं, युवा साथियों एवं लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले नागरिकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के इस संघर्ष को मजबूत बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

# वार्ड 42 में बड़े हादसे के इंतजार में पीएचई विभाग : जौहरी

**ग्वालियर, 20 जून।** नगर निगम जोन 15 वार्ड 42 में दानाओली स्थित केदार किराना की दुकान के सामने बाली बोरिंग पम्प की जल सप्लाई वार्ड 42 साठे की गोठ में होती है। उक्त बोरिंग की मोटर विगत दस रोज पहले खराब हो गई थी। पीएचई विभाग की लापरवाही के चलते क्षेत्र वासियों को पानी के लिए तरसाने के बाद मप्र कांग्रेस कांग्रेस विकलांग प्रकोष्ठ के महासचिव एवं वरिष्ठ समाजसेवी अनूप जौहरी के विशेष दबाव के चलते छ: दिन बाद ठीक कर चालू की गई। जबकि बोरिंग पम्प का चैम्बर पहले से ही जर जर अवस्था में था, मशीन डालते समय उक्त चैम्बर नेस्तनाबूद हुए एक हफ्ता होने को आया है। उक्त चैम्बर खुला पड़ा है जिससे उक्त खुले चैम्बर में रात विरात कभी भी किसी दुपहिया वाहन चालक के साथ बड़ा हादसा हो सकता है। अनूप जौहरी ने कहा कि वे उक्त खुले गड्डे पर नवीन चैम्बर शीघ्र लगाये जाने के लिए कई बार वार्ड 42 के अंतर्गत आने बाले पीएचई अधिकारियों को सूचित कर चुके है। मगर हर बार चैम्बर न होने का बहाना लगाकर पल्ला झाड़ लिया जाता है। जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि पीएचई विभाग नींद में सोया है। जौहरी ने पीएचई विभाग के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि शीघ्र उक्त बोरिंग के खुले गड्डे पर चैम्बर नहीं लगाया गया ओर कोई हादसा होता हे तो इसकी जबाब देही नगर निगम पीएचई विभाग के संबंधित अधिकारियों की होगी।

# नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म, आरोपी दबोचा

**ग्वालियर 20 जून.** पुरानी छावनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले स्टोन पार्क इलाके से तीन दिन पहले लापता हुई 17 वर्षीय छात्रा को पुलिस ने मुरैना और श्योपुर के बॉर्डर से सुरक्षित बरामद कर लिया है।

पुलिस की पूछताछ में पीड़िता ने अपने ही पड़ोस में रहने वाले एक युवक पर बहला-फुसलाकर अगवा करने और उसके साथ गलत काम करने का आरोप लगाया है। छात्रा के बयानों के आधार पर पुलिस ने मामले में दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराएं बढ़ाते हुए आरोपी को दबोच लिया है।

पुरानी छावनी थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, स्टोन पार्क क्षेत्र में रहने वाली 17 वर्षीय नाबालिग, जो 11वीं की छात्रा है। तीन दिन पहले अचानक अपने घर से लापता हो गई थी। परिजन ने अपने स्तर पर सगे-संबंधियों और आसपास के इलाकों में उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन जब उसका कोई सुराग नहीं मिला, तो परिजन थाने पहुंचे.


**NAME CHANGE**

I, K.P. Singh Gaur (Krishan Pal Singh Gaur) S/O Rajendra Singh R/o 136/016, Pawan Sut Colony, Hurawali Tiraha, Morar Gwalior, Gird,M.P-474006 Have changed my name to Krishan Pal Gaur for all future purposes

**उपनाम परिवर्तन सूचना**

सूचित किया जाता हैं कि मैं **नितिन जग्गी** पुत्र **श्री सुरेन्द्र जग्गी** यह कि मेरी पुत्री का पहले नाम की स्पेलिंग **हिमाक्षी HEMAKSHEE** था किन्तु अब मैंने अपनी पुत्री के नाम की सही स्पेलिंग **हिमाक्षी HEMAKSHEE** के स्थान पर **हिमाक्षी जग्गी HIMAKSHEE JAGGI** रख लिया है। अत: अब मेरी पुत्री को भविष्य में **हिमाक्षी जग्गी HIMAKSHEE JAGGI** के नाम से ही जाना एवं पहचाना जावे।

सूचनाकर्ता
नाम- नितिन जग्गी पुत्र श्री सुरेन्द्र जग्गी
निवासी- 50, नेहरू कॉलोनी, गाँधी रोड ठाठीपर ग्वालियर, (म.प्र.)


# भारतीय योग संस्थान के 400 साधक एक साथ करेंगे योग साधना

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 20 जून।** भारतीय योग संस्थान, ग्वालियर दक्षिण की कोर ग्रुप की बैठक जिला प्रधान पवन गुप्ता की अध्यक्षता में गुलमोहर सिटी केन्द्र पर आयोजित की गयी। जिला मीडिया प्रभारी गिरीश अग्रवाल ने बताया कि सभी सदस्यों को आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल की योग साधना करायी गयी, प्रशिक्षकों को साधना से संबंधित सुझाव जिला मंत्री राजेश वर्मा एवं जिला संगठन मंत्री रेखा गुप्ता ने दिए। जिला प्रधान पवन गुप्ता ने बताया कि 21 जून को 12 वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर न्यू सिटी सेंटर स्थित सनशाइन गार्डन में भारतीय योग संस्थान के कुशल प्रशिक्षकों द्वारा एक साथ 400 साधकों को योगाभ्यास कराने का लक्ष्य रखा गया है ।सभी कार्यकर्त्ता घर घर जाकर लोगों को सामूहिक योग साधना के लिए कार्ड देकर आमंत्रित कर रहे हैं, व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए समितियों का गठन किया गया। बैठक में सभी ने अपने विचार रखे एवं जिला प्रधान ने गठित समितियों की जानकारी देकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

बैठक में जिला कोषाध्यक्ष प्रमोद वर्मा, समस्त क्षेत्रीय प्रधान प्रतिभा चौहान, रमा सक्सेना, संध्या सक्सेना क्षेत्रीय मंत्री विजय धाकड़, रेखा गुप्ता, स्वाति ताम्बत, कार्यकारिणी सदस्य अशोक कपूर . आर सी अमलानी, गुलमोहर केन्द्र प्रमुख ममता दुबे, क्षेत्रीय विस्तारक ममता गर्ग, जी एस छावड़ा, समस्त केंद्रों के केन्द्र प्रमुख, बंदना सिसोदिया, चन्द्रकेतु नीखरा, सुदीप नागर, अशोक गुप्ता, सुनीता अग्रवाल, मधु पहारिया, मोनिका वर्मा, स्वाति तोमर, ऊषा सिरोलिया, आर बी एस चौहान सहित अन्य साधक सम्मिलित हुए,

# स्व. पातीराम जैन की 26वीं पुण्यतिथि पर आज होगा श्रमवीर सम्मान एवं पुष्पांजलि सभा

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 20 जून।** वरिष्ठ भाजपा नेता और लोकप्रिय समाजसेवी स्व. पातीराम जैन की कल रविवार, 21 जून को 26वीं पुण्यतिथि पर प्रात : 9.00 बजे जैन छात्रावास, माधव डिस्पेंसरी के समीप, नया बाजार रोड पर श्रद्धांजलि सभा और श्रमवीर सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर आयोजित हो रहे श्रमवीर सम्मान समारोह की 26वीं कड़ी में मेहनतकश मजदूरों, कामगारों को सम्मानित किया जाएगा। चूंकि स्व. श्री पातीराम जैन जीवनभर मेहनतकश मजदूरों के हित में कार्यरत रहे, इसलिए उनकी पुण्य स्मृति में हर वर्ष यह समारोह आयोजित किया जाता है। मदद संस्था के अध्यक्ष निर्मल जैन एवं सचिव संजय चुघ ने बताया कि श्रमवीर सम्मान समारोह के आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज के वास्तविक शिल्पकारों यानी मेहनतकश मजदूरों को उनके अमूल्य योगदान के लिए समग्र समाज की ओर से कृतज्ञता जताना है।

यह कार्यक्रम पूरी तरह से स्व. पातीराम जैन के विचारों, सिद्धांतों और गरीबों व श्रमिकों के प्रति उनके समर्पण को समर्पित रहेगा। ज्ञातव्य है कि स्व. पातीराम जैन लंबे राजनीतिक जीवन में जीडीए के डायरेक्टर, ग्वालियर निगम परिषद के एल्डरमैन, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष एवं राज्य सरकार की विभिन्न उद्योग व्यापार समितियों के सदस्य रहे। उन्हें विगत सदी के आठवें, नवें दशक में ग्वालियर की विभिन्न विकास योजनाओं का शिल्पी माना जाता है। मदद संस्था के अध्यक्ष निर्मल जैन एवं सचिव संजय चुघ ने शहरवासियों से कार्यक्रम में सादर उपस्थिति का आग्रह किया है।

# राहुल के संगठन सृजन अभियान से मंडलम को मिली नई ताकत

**ग्वालियर 20 जून।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष आदरणीय राहुल गांधी द्वारा देशभर में कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त और जनआधारित बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव द्वारा महानगर की समस्त मंडलम कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों की घोषणा की गई है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने मंडलम अध्यक्षों की घोषणा करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी का संगठन ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है और राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी देशभर में नए जोश, नई ऊर्जा और नई विचारधारा के साथ जनता के बीच पहुंच रही है। ग्वालियर महानगर में नियुक्त किए गए मंडलम अध्यक्ष पार्टी की नीतियों, विचारों और जनहित के संघर्षों को प्रत्येक वार्ड, मोहल्ले और बूथ स्तर तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। भारतीय जनता पार्टी की जनविरोधी नीतियों, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हो रहे निरंतर हमलों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी जनआंदोलन को और मजबूत करेगी। राहुल गांधी के संगठन सृजन अभियान ने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया है। मंडलम अध्यक्षों की यह नियुक्ति संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक प्रभावी, सक्रिय तथा संघर्षशील बनाएगी। हमें विश्वास है कि नवनियुक्त मंडलम अध्यक्ष जनता की आवाज बनकर कांग्रेस की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाएंगे तथा आगामी राजनीतिक चुनौतियों का मजबूती से सामना करेंगे।


**प्रॉपर्टी से बेदखली हेतु आम सूचना**

मैं परमसुख पुत्र स्व. श्री रामदास, निवासी जी 91 आदित्य पुरम ग्वालियर मध्यप्रदेश का निवासी हूँ मैं परमसुख पेन्सनर हर आम व खास सूचित करता हूँ कि मेरा मकान स्थित जी 91 आदित्य पुरम ग्वालियर मध्यप्रदेश में स्थित है. उक्त भवन आदित्य ग्रह निर्माण सहकारी संस्था से गृह निर्माण क्रय किया था जो वर्तमान में है और ग्वालियर निगम वार्ड क्रमांक 18 में स्थित है उक्त मकान में नल बिजली पानी की सुविधा है जो मेरे स्वयं के द्वारा लगायी गयी है, उक्त मकान का प्लॉट न. 91 ब्लॉक जी, लम्बाई × चौड़ाई 20×50 कुल क्षेत्रफल 1000 फुट यानी 52.81 वर्ग मीटर है जिसकी चर्तुरसीमा निम्नानुसार हैं पूर्व भूमि संस्था पश्चिम रास्ता 60 फुट चौड़ा उत्तर में प्लॉट नं. 92 ब्लॉक जी, दक्षिण में भूमि संस्था उक्त मकानियत का मै एक मात्र मालिक हूँ अन्य कोई व्यक्ति सहभागी नही है उक्त वर्णित सम्पत्ति को मेरा मझला पुत्र मनोज मारपीट कर हथियाना चाहता है जिसमें भारी प्रताड़ित होकर दुखी हूँ और अनेको बार मेरी मारपीट कर चुका है। जिसकी शिकायत मैने पुलिस में कर चुका हूँ उक्त मनोज को अब और अपने साथ रखना नही चाहता हूँ और अपनी सम्पूर्ण चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूँ तथा आज के बाद और आज से पूर्व अगर कोई लिखतम उसने मेरे से धोखा देकर या मारपीट कर या धोस दबाव देकर करवा लिये हो तो उसे मैं निरस्त करता हूँ क्योकि उसकी झगड़ालू मारपीट व उधार लेने तथा शराब पीने की आदतो से मैं तंग आ चुका हूँ तथा मेरे मकान पर मनोज तथा अन्य किसी व्यक्ति द्वारा रहन, अनुबंधित या अन्य प्रकार से प्राप्त की हो उससे मेरा कोई सरोकार नही है और ना ही भविष्य में होगा।अत: इस सूचना पत्र के माध्यम से हर शहर का आम खास व्यक्ति सूचित हो कि मैने अपने पुत्र मनोज को सम्पूर्ण चल व अचल सम्पत्ति से बेदलख कर दिया।

प्रेषक
परमसुख पुत्र स्व. श्री रामदास, निवासी जी 91 आदित्य पुरम ग्वालियर मध्यप्रदेश
अधिवक्ता - अमृता वर्मा
म.प्र. हाईकोर्ट बैंच ग्वालियर

**न्यायालय माननीय अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय ग्वालियर (म.प्र.)**

प्रकरण क्रं.-477/25 एम.जे.सी.आर.

श्रीमती चन्द्रप्रभा राठौर ............आवेदिका
बनाम
कामता प्रसाद राठौर............अनावेदक

//सूचना-पत्र//

बनाम - अनावेदक कामता प्रसाद राठौर पुत्र श्री जगदीश प्रसाद राठौर आयु-36 वर्ष, निवासी-नदी संतर पुल के पहले, लकड़ी की टाल, मुरार, ग्वालियर (म.प्र.)

//सूचना-पत्र//

यहकि, आवेदिका श्रीमती चन्द्रप्रभा राठौर पत्नी श्री कामता प्रसाद राठौर पुत्री श्री किशोर कुमार राठौर आयु 34 वर्ष, व्यवसाय गृहणी, निवासी वार्ड नं.-14, प्रेम कुटीर, पुराना बस स्टेण्ड, नरवर, जिला- शिवपुरी (म.प्र.) के द्वारा आपके विरूद्ध इस न्यायालय में समक्ष याचिका अंतर्गत धारा 144 बी.एन.एस.एस. के तहत् प्रस्तुत की गई हैं। अत: जरिये सूचना-पत्र से आप अनावेदक कामता प्रसाद राठौर को सूचित किया जाता है कि इस संबंध में अपना जवाब इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 27.07.2026 को प्रात: 11:00 बजे व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अनुपस्थिति की दशा में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यदि नियत दिनांक को न्यायालय अवकाश घोषित हो जाता है अथवा पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहते हैं तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस पर की जावेगी। आज दिनांक 17.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

(अजयकांत पाण्डे)
अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय, ग्वालियर (म.प्र.)

**CHANGE OF NAME**

मै **GAURI SINGHAL** निवासी जगदीश मंदिर गली दाल बाजार लश्कर ग्वालियर म.प्र. की निवासी होकर सर्व साधारण को सूचित करती हूँ कि मेरे पुराने पासपोर्ट में मेरा नाम **GOURI SINGHAL** मेरे पिता का नाम **SUNIL KUMAR SINGHAL** तथा मेरी माता का नाम **RENOO SINGHAL** दर्ज हैं गलत अंकित हैं। जबकि मेरे समस्त शैक्षणिक व अन्य दस्तावेजो में मेरा सही नाम **GAURI SINGHAL** मेरे पिता का नाम **SUNIL SINGHAL** तया मेरी माता का नाम **RENU SINGHAL** दर्ज है जोकि सत्य व सहीं हैं अतः भविष्य में मुझे मेरे उक्त सही नाम से जाना व पहचाना जावें अतः सूचित हो

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, **मोनिका सिंह कुशवाह**, पत्नी श्री भारतेन्दु सिंह कुशवाह, निवासी मकान नंबर 45, अनिल भाटिया परिसर, डी.डी. नगर, ग्वालियर (म.प्र.), ने अपना नाम बदल लिया है और अब से सभी कार्यों के लिए मुझे '**मोनिका सिंह**' के नाम से जाना जाएगा। '**मोनिका सिंह कुशवाह**' और '**मोनिका सिंह**' दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

प्रार्थी: मोनिका सिंह पत्नी श्री भारतेन्दु सिंह कुशवाह

**आम सूचना**

श्रीमती मुन्नी श्रीवास पत्नी स्व. श्री लच्छी श्रीवास एवं श्रीमती मनीषा श्रीवास पत्नी श्री गोरेलाल श्रीवास के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भवन क्र.12 (पुराना क्र.11/1), स्थित मशीन गली, रामसहाय गली, ग्राम सबगगढ़, प.ह.नं.54, रा.नि.सर्कल क्र.04, तहसील सबलगढ़ व जिला मुरैना (म.प्र.) है जो नगर पालिका परिषद सबलगढ़ वार्ड क्र.10 में स्थित है एवं जिसका क्षेत्रफल 1200 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में-भूखण्ड अवस्थी, पश्चिम में-रास्ता गली 05 फुट चौड़ी, उत्तर में-भवन श्री विनय सक्सैना एवं दक्षिण में-भवन श्री रामहेत धानुक है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में नगर पालिका परिषद सबलगढ़ के रिकॉर्ड वर्ष 2023-24 के अनुसार, श्री जगदीश राठौर पुत्र श्री पन्नालाल राठौर एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री जगदीश राठौर द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती नीतू शुक्ला पत्नी श्री सुनील दत्त शुक्ला को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी 25842021ए11035656 दिनांक 08.12.2021 से विक्रय की गई। श्रीमती नीतू शुक्ला द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती मुन्नी श्रीवास पत्नी स्व. श्री लच्छी श्रीवास एवं श्रीमती मनीषा श्रीवास पत्नी श्री गोरेलाल श्रीवास को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी27आईजीआर 17932025 ए100653300 दिनांक 25.07.2025 से विक्रय की गई। उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित वर्ष 2021 से पूर्व कोई भी रजिस्टर्ड दस्तावेज उपलब्ध नहीं है। श्रीमती मुन्नी श्रीवास एवं श्रीमती मनीषा श्रीवास द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान मणप्पुरम होम फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सम्पत्ति के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर अथवा वर्ष 2021 से पूर्व का कोई रजिस्टर्ड दस्तावेज होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या.-भवन क्र.52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

**CHANGE OF NAME**

I, GULPAM BEGUM VASTAD Wife of Army Service No. 15155088W, Rank- BHM (GNR) Name- DAVALASAHAB VASTAD Unit 81/12 Med Regt C/o 56 APO have changed my name from **GULPAM BEGUM VASTAD** to **GULFAM VASTAD** due to mismatch in my Husband's Army Service Record.
**Vide Affidavit No. 78AA 091731 Dated 19/03/2026 before High Court, Gwalior M.P.**

**CHANGE OF NAME**

I, hitherto known as NEDA SUVIR WARRIER alias NEDA S WARRIER daughter of KRISHNA SUVIR residing at B-904 BCM Paradise, Nipaniya, Behind Advance Academy, Jhalaria, PO: Jhalaria, DIST: Indore, Madhya Pradesh - 452016 have changed my name and shall hereafter be known as **NEDA SUVIR WARRIER**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती संध्या राठौर पत्नी श्री रामजीत ने उक्त अचल सम्पत्ति प्लॉट क्र. 15 स्थित ग्राम छौदा जिला मुरैना में है। जो कि सर्वे क्र. 285/1/2 का भाग कुल क्षेत्रफल 1200 वर्गफुट है। जिसका म्यु. वार्ड क्र. 44 है, जो मेरी पक्षकारा ने विक्रय अनुबंध पत्र के तहत क्रय करन स्वीकार किया। मेरी पक्षकारा के विक्रेता श्रीमती ममता गर्ग पत्नी श्री पुरूषोतम गर्ग की क्रयशुदा सम्पत्ति रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज क्र. एम. पी. 25792019ए1404425 तारीखी 13.06.2019 में गेदालाल पुत्र स्व. श्री खूबी जाटव से क्रय की गईहै । मेरी पक्षकारा के द्वारा किये विक्रय अनुबंध पत्र के तहत चतुरसीमा निम्नानुसार है। पूर्व में रोड, पश्चिम में - प्लॉट क्र. 04, उत्तर में प्लॉट क्र. 16, दक्षिण में प्लॉट क्र. 14, जिसका कुल क्षेत्रफल 1200 वर्गफुट है। लेकिन मेरी पक्षकारा के पूर्व विक्रेता गेदालाल पुत्र स्व. श्री खूबी जाटव वारिसान की हैसियत से मेरी पक्षकारा के विक्रेता श्रीमती ममता गर्ग पत्नी श्री पुरूषोतम गर्ग की क्रयशुदा सम्पत्ति रजिस्टर्ड विक्रय पत्र पूर्व विक्रेता गेदालाल पुत्र स्व. श्री खूबी जाटव के द्वारा विक्रित किये जाने बावत अगर किसी व्यक्ति, बैक, संस्था, निगम,शासकीय, अशासकीय विभागों या प्राईवेट फायनेंश को या पूर्व विक्रेता के किसी भी पारिवारिक सदस्य श्रीमती धन्ती पत्नी स्व. श्री खूबी, काशीराम, रामदयाल, लच्छी पुत्रगण स्व. श्री खूबी को कोई उज्र व आपत्ति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 07 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्र व आपत्ति मान्य व स्वीकार नही होगी और मेरी पक्षकारा श्रीमती संध्या राठौर पत्नी श्री रामजीत अचल संपत्ति प्लॉट क्र. 15 का कुल क्षेत्रफल 1200 वर्गफुट को क्रय करने बावत हाउसिंग लोन की सुविधा आई. सी. आई. सी. आई. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड सिटी सेन्टर ग्वालियर से आवंटित करा रही है। जो सुचित हो।
दिनांक - 20.06.2026
स्थान - ग्वालियर

भवदीय
संजय बाकलीवाल एडवोकेट
चिक संतर मुरार
मो. 9300981954

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती पिंकी पत्नी श्री बलीराम ने उक्त अचल सम्पत्ति प्लॉट क्र. 16 स्थित ग्राम छौदा जिला मुरैना में है। जो कि सर्वे क्र.285/1/2 का भाग कुल क्षेत्रफल 1200 वर्गफुट है। जिसका म्यु. वार्ड क्र. 44 है, जो मेरी पक्षकारा ने विक्रय अनुबंध पत्र के तहत क्रय करना स्वीकार किया। मेरी पक्षकारा के विक्रेता श्रीमती ममता गर्ग पत्नी श्री पुरूषोतम गर्ग की क्रयशुदा सम्पत्ति रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज क्र. एम. पी. 25792019ए1404425 तारीखी 13.06.2019 में गेदालाल पुत्र स्व. श्री खूबी जाटव से क्रय की गई है । मेरी पक्षकारा के द्वारा किये विक्रय अनुबंध पत्र के तहत चतुरसीमा निम्नानुसार है। पूर्व में रोड, पश्चिम में प्लॉट क्र. 04, उत्तर में प्लॉट क्र. 17 व 03, दक्षिण में प्लॉट क्र. 15 जिसका कुल क्षेत्रफल 1200 वर्गफुट है। लेकिन मेरी पक्षकारा के पूर्व विक्रेता गेदालाल पुत्र स्व. श्री खूबी जाटव वारिसान की हैसियत से मेरी पक्षकारा के विक्रेता श्रीमती ममता गर्ग पत्नी श्री पुरूषोतम गर्ग की क्रयशुदा सम्पत्ति रजिस्टर्ड विक्रय पत्र पूर्व विक्रेता गेदालाल पुत्र स्व. श्री खूबी जाटव के द्वारा विक्रित किये जाने बावत अगर किसी व्यक्ति, बैक, संस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागो या प्राईवेट फायनेंश को या पूर्व विक्रेता के किसी भी परिवारिक सदस्य श्रीमती धन्ती पत्नी स्व. श्री खूबी, काशीराम, रामदयाल, लच्छी पुत्रगण स्व. श्री खूबी को कोई उज वं आपत्ति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 07 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्र व आपत्ति मान्य व स्वीकार नही होगी और मेरी पक्षकारा श्रीमती पिंकी पत्नी श्री बलीराम अचल संपत्ति प्लॉट क्र. 16 का कुल क्षेत्रफल 1200 वर्गफुट को क्रय करने बावत हाउसिंग लोन की सुविधा आई. सी. आई. सी. आई. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड सिटी सेन्टर ग्वालियर से आवंटित करा रही है। जो सुचित हो ।
दिनांक - 20.06.2026
स्थान - ग्वालियर

भवदीय
संजय बाकलीवाल एडवोकेट
चिक संतर मुरार
मो. 9300981954